क्षेत्रवार वृद्धि और यात्रियों के लिए अनुकूलता बढ़ाने का यह अवसर हवाई अड्डा परिचालकों और नियामकों के साथ-साथ अन्य सरकारी एजेंसियों के सहयोग की मांग करता है। एक अंतरराष्ट्रीय हब तैयार करना आसान नहीं है। दिल्ली के कुल टैरिफ का केवल 20 फीसदी ही एक जगह से दूसरी जगह जाने वालों का है। इसमें सुधार की बहुत अधिक गुंजाइश है। बहरहाल इस कम आंकड़े की वजहें और भारत के निकट दुबई और सिंगापुर जैसे ट्रांजिट हबों की लोकप्रियता को भी सही तरह से समझना होगा। वे हवाई अड्डे किफायती हैं, कम स्थानांतरण समय का वादा करते हैं और बहुत अधिक विश्वसनीय हैं। उनके संपर्क भी भारत के किसी भी अन्य हवाई अड्डे से बेहतर हैं। ऐसे हवाई अड्डों की कामयाबी के लिए उन एयरलाइनों को द्विपक्षीय लैंडिंग अधिकार देने के पुराने फैसलों को दोष देना बहुत आसान है जो उन्हें हब के रूप में इस्तेमाल करते हैं। प्रश्न यह किया जाना चाहिए कि यात्रियों ने विकल्प दिए जाने के बाद भी उन्हें ही क्यों पसंद किया।

प्रक्रियाओं को व्यवस्थित करने के काम में प्रासंगिक अधिकारियों के सहयोग के बिना इन प्रयासों को कामयाबी मिलती नहीं दिखती। ऐसी ही एक जरूरत है प्रक्रियाओं को सुसंगत बनाने की जिसमें सीमा शुल्क शामिल है। यात्रियों के सामान की जांच आसान होनी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय ट्रांजिट के लिए शेड्यूल में बदलाव करना होगा ताकि अनुकूल स्थानांतरण समय तय किया जा सके और सामान के निपटान के प्रोटोकॉल को दिल्ली जैसे हवाई अड्डों पर बेहतर बनाना होगा। हवाई अड्डे की क्षमता में विस्तार का वादा भी बहुत समय से लंबित है। गत वर्ष दिल्ली हवाई अड्डे ने कहा था कि वह व्यस्ततम समय की क्षमता में करीब एक तिहाई का इजाफा करेगा ताकि हर घंटे 110 उड़ानों और लैंडिंग की देखरेख हो सके। बड़ी विमानन कंपनियों और हवाई अड्डों की महत्त्वाकांक्षाएं समान हैं। नियमन, निगरानी और क्षमता को अपनाकर इन आकांक्षाओं को पूरा किया जा सकता है।

DAINIK BHASKAR JAIPUR 14 JANUARY 2025

# कोहरे से उदयपुर फ्लाइट रद्द, बेंगलुरु-दिल्ली की 2 घंटे लेट

## पूजा सुपरफास्ट तीसरे दिन भी 9 घंटे लेट रही

जयपुर | उदयपुर में कोहरे के चलते दूसरे दिन सोमवार को भी फ्लाइट संचालन प्रभावित हुआ। इस वजह से इंडिगो एयरलाइंस की जयपुर-उदयपुर फ्लाइट सोमवार को पहले तो री-शेडयूल किया गया, लेकिन बाद में रद्द कर दिया गया। एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार मामला इंडिगो की उदयपुर की फ्लाइट 6ई-7465 का है। ये फ्लाइट जयपुर से सुबह 6:55 बजे उदयपुर जाती है। पहले तो इसे उदयपुर में खराब मौसम की वजह से डिले किया गया, लेकिन करीब 1 घंटे बाद इसे रद्द कर दिया गया। ऐसे में उदयपुर जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसी प्रकार बेंगलुरु की फ्लाइट 6ई-498 सुबह 11:50 की बजाय दोपहर 1:40 बजे और एयर इंडिया एक्सप्रेस की दिल्ली फ्लाइट आईएक्स-1199 भी लगातार दसवें दिन दोपहर 12:20 की बजाय 1.25 घंटे की देरी से 1:15 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुई। उधर, अजमेर से जम्मूतवी वाया जयपुर जाने वाली पूजा सुपरफास्ट एक्सप्रेस लगातार तीसरे दिन 9 घंटे देरी से देर रात 1 बजे जयपुर से रवाना हो सकी। जबकि इससे पहले रविवार को ट्रेन 10 घंटे और शनिवार को 6 घंटे लेट रही थी।

## उर्स और महाकुंभ की ट्रेनों का शेड्यूल बिगड़ा

रेलवे के एक्स डीटीआई आशीष पुरोहित और सीआरएस नीरज चतुर्वेदी बताते है कि ट्रेन दो रैक से संचालित होती है, लेकिन पिछले दिनों जम्मूतवी से जयपुर/अजमेर आने वाला एक रैक कोहरे की वजह से लेट हो गया था। ऐसे में ट्रेन का शेड्यूल गड़बड़ा गया, लेकिन उर्स मेले की वजह से ट्रेन को कैंसिल नहीं किया जा रहा है, जबकि पिछले साल कोहरे के चलते अत्यधिक लेट होने की वजह से ट्रेन को दिल्ली-अजमेर-दिल्ली के बीच 1-2 दिन शॉर्ट टर्मिनेट कर दिया गया था, लेकिन अजमेर में चल रहे उर्स मेले की वजह से ट्रेन को शॉर्ट टर्मिनेट नहीं किया जा रहा है। अभी महाकुंभ के चलते उत्तर पश्चिम रेलवे के पास अतिरिक्त रैक तो दूर कोच की भी भारी कमी है। ऐसे में अगले कुछ दिनों तक ट्रेन का ऑनटाइम संचालन मुश्किल है।

# कोहरे का कहर, 500 उड़ानें विलंबित व 24 रद

## सुबह साढ़े सात बजे स्थिति होने लगी थी गंभीर, यात्रियों को जारी होती रहीं एक बाद एक कई एडवाइजरी



बुधवार की सुबह तीन से चार घंटे तक दृश्यता का स्तर शून्य रहा था, लोधी रोड पर घने कोहरे के बीच जाता व्यक्ति • विपिन शर्मा

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: कोहरे के चलते बुधवार को आइजीआइ एयरपोर्ट से संचालित होने वाली करीब 500 उड़ानें विलंबित रहीं। इनमें से करीब आधी उड़ानें एक घंटे या इससे अधिक की देरी से गंतव्य के लिए रवाना हुईं। कोहरे के असर का आलम यह था कि दो दर्जन उड़ानों को रद करना पड़ा। इनमें 22 उड़ानें इंडिगो की और शेष दो उड़ानें स्पाइसजेट की थीं। यात्रियों को परेशानी से बचाने के लिए डायल व एयरलाइंस की ओर से यात्रियों के लिए पूरे दिन एडवाइजरी जारी होती रही। एडवाइजरी में यात्रियों से आग्रह किया जाता रहा कि वे उड़ान के प्रस्थान से जुड़ी जानकारी के लिए एयरलाइंस के संपर्क में रहें, ताकि उन्हें अपडेट मिलता रहे।

कोहरे का जबरदस्त असर सुबह साढ़े सात बजे के बाद से दिखना शुरू हो गया। साढ़े सात बजे के बाद से शायद ही कोई ऐसी उड़ान हो, जो तय समय से रवाना हुई हो। समयसारिणी में इसके बाद जो लेटलतीफी का सिलसिला जारी हुआ, वह पूरे दिन चलता रहा। स्पाइसजेट की सुबह 7.55 बजे जम्मू व अकासा की सुबह आठ बजे गोवा की उड़ानों के प्रस्थान में दो-दो घंटे का विलंब हुआ। एअर इंडिया की सुबह आठ बजे की उड़ान तीन घंटे की देरी से रवाना हुई। एअर इंडिया की सिलिगुड़ी व इंडिगो की उड़ानों में सवा दो घंटे की देरी हुई। सुबह साढ़े आठ बजे स्पाइसजेट की जिस उड़ान को पटना रवाना होना था, वह करीब सात घंटे विलंब से रवाना हुई। स्पाइसजेट की श्रीनगर की उड़ान में भी करीब चार घंटे की देरी हुई। इसी तरह इंडिगो की अहमदाबाद की उड़ान करीब छह घंटे की देरी से रवाना हुई। देरी का यह सिलसिला समय के साथ जोर ही पकड़ता चला गया।

**एक के बाद एक कई उड़ानें रद:** विलंबन के बीच कई उड़ानों को रद भी किया गया। स्पाइसजेट ने कोलकाता, चेन्नई व पुणे की उड़ानों को रद किया। इंडिगो को पटना, वाराणसी, दरभंगा, गुवाहाटी, कोलकाता, रायपुर, जयपुर, सूरत, गोवा, बेंगलुरु, नागपुर, औरंगाबाद, मुंबई, देहरादून, अमृतसर, लखनऊ, भोपाल की उड़ानें रद करनी पड़ी।

**छह उड़ानों को करना पड़ा डाइवर्ट:** कोहरे के कारण छह उड़ानों को जयपुर डाइवर्ट करना पड़ा। सुबह करीब आठ बजे हैदराबाद, कोलकाता और पुणे से आ रही उड़ानों को जयपुर डाइवर्ट किया गया। इसके बाद सुबह सवा दस से साढ़े दस बजे के बीच मुम्बई व कोचीन की उड़ानों को जयपुर डाइवर्ट किया गया। इसके अलावा तिरुवनंतपुरम की उड़ान को जयपुर डाइवर्ट किया गया।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN KANPUR 15 JANUARY 2025

# सर्वाधिक 38 विमानों के आवागमन का रिकार्ड

**जासं, कुंभनगर :** संगमनगरी के विमान सेवा के इतिहास में मकर संक्रांति का दिन कीर्तिमान बनाने वाला रहा। वर्ष 1919 से शुरू हुई प्रयागराज की हवाई सेवा में नया अध्याय जुड़ा और 106 साल बाद बमरौली सिविल एयरपोर्ट पर एक ही दिन में 38 विमानों से 4891 यात्रियों का आवागमन हुआ। दो चार्टर्ड जहाज आए जबकि तीन ने उड़ान भरी। मंगलवार को इंडिगो एयरलाइंस की सर्वाधिक 16 उड़ानें रहीं।

THE ECONOMIC TIMES DELHI 16 JANUARY 2025

**IndiGo has been fined ₹25 lakh by the Joint Commissioner (Customs), Ludhiana,** over a dispute involving additional customs duty on leftover aviation turbine fuel (ATF).

The company said it has been penalised ₹25,11,180 for "demand of additional duty of customs on remnant ATF," in an exchange filing on Wednesday.

It added, "There is no material impact on the financials, operations, or other activities of the company" IndiGo also clarified its intention to "take appropriate legal measures" against the penalty. —**Our Bureau**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE FINANCIAL EXPRESS DELHI 16 JANUARY 2025

# India largest market for flying taxis, says Sarla Aviation CEO

AYANTI BERA
Bengaluru, January 15

ELECTRIC FLYING TAXI startup Sarla Aviation, which plans to launch services in India in 2028, will initially fly between airports and commercial hubs such as IT parks in Bengaluru, one of the world's most congested cities. It aims to expand to Delhi, Mumbai and Pune, eventually connecting key hubs within these cities.

Electric vertical takeoff and landing aircraft (eVTOL), also known as flying taxis, are seen as the next major evolution in urban air mobility. Sarla's air taxis will accommodate up to six passengers, with a maximum load of 680 kg, and will be priced similarly to premium ride-hailing services like BluSmart, Ola SUV, or UberXL. For instance, an UberXL ride from Electronic City to Bengaluru airport costs around ₹2,000, while a non-premium UberGo ride for the same 50-km journey costs about half that amount.

The firm aims to eventually reduce ride costs to that of an auto-rickshaw. Speaking to *FE*, co-founder and CEO, Sarla Aviation, Adrian Schmidt, said: "I think when it comes to the Indian market, pricing is going to be the main differentiator." India is the largest market for flying taxis globally, he added.

Like Schmidt, US-based Archer Aviation, also plans a commercial launch of its e-VTOL, "Midnight," in 2026. The firm has partnered with IndiGo's parent firm, InterGlobe, and will offer a ride carrying five passengers from CP in Delhi to Gurugram in seven minutes, priced between ₹2,000 and ₹3,000.

ADRIAN SCHMIDT,
CO-FOUNDER & CEO,
SARLA AVIATION

I think when it comes to India, main differentiator is going to be the pricing. Flying taxis are also very capital-efficient to roll out



# Akasa Air faces DGCA heat for lapses

## Warning letter issued to airline's accountable manager

PTI
MUMBAI

Aviation watchdog DGCA has issued a warning letter to Akasa Air's accountable manager Vinay Dube, who is also its founder and CEO, for regulatory lapses, days after the airline was warned for violating norms related to handling dangerous goods.

Sources on Tuesday told PTI that the regulator has warned the airline's Accountable Manager to be careful to avoid non-compliance, citing two specific incidents related to a hard landing of aircraft and non-revision of the operations manual within the prescribed time frame.




There was no immediate comment from Akasa Air.

In a not-so-common development, the Directorate General of Civil Aviation (DGCA) has now issued two warning letters to Akasa Air in less than a week. This is in addition to actions against the little over two-year-old airline for various non-compliances, including a six-month suspension of the carrier's head of operations and head of training for alleged lapses in pilot training.

As per the DGCA website, the accountable manager of SNV Aviation Pvt Ltd – which operates flights under the brand Akasa Air -- is Vinay Dube.

FREE PRESS JOURNAL MUMBAI 15 JANUARY 2025

# Domestic aviation industry likely to clock ₹2,000-3,000 cr net loss in FY25: Report

**PTI**
NEW DELHI

The country's civil aviation industry is projected to report net loss of Rs 2,000 to Rs 3,000 crore in current and next financial year as supply chain challenges and engine issues are expected to continue for some more time, as per a report.

In the report on Tuesday, rating agency Icra said domestic air passenger traffic was estimated at 153 lakh in December, 7.3% higher compared to 142.5 lakh recorded in November 2024.

"It grew by ~10.8 per cent on a YoY basis and was higher by ~17.5 per cent than pre-Covid levels, i.e., December 2019. Airlines' capacity deployment in December 2024 was higher than December 2023 by ~7.5 per cent," it added.

FREE PRESS JOURNAL MUMBAI 15 JANUARY 2025

# Bomb threat note in IndiGo Goa-Mumbai flight's loo

**Megha Kuchik**
MUMBAI

An unidentified person has been booked for leaving a bomb threat letter in the lavatory of IndiGo's Goa-Mumbai flight (6E-5101) on January 13. One side of the letter in blue ink read, "Be careful, bomb", while the other side read, "Revenge".

As per the FIR, the flight departed from Manohar International Airport, Goa, at 9.39pm. About 20 minutes before landing, a passenger, Himanshu Khanna, informed a crew member about the letter in the lavatory, near the soap case. The crew retrieved it and handed it over to the pilot, Pushkraj Wagh.

Wagh notified the Air Traffic Control and other relevant authorities. The flight landed at an isolation bay at 10.43pm in Mumbai. The Central Industrial Security Force (CISF), the airline's security team, and aircraft maintenance engineers thoroughly inspected the plane but found nothing suspicious.

Abhijit Sawant, 33, the airline's assistant security manager, filed a complaint with the Sahar police, who have registered a case under the Bharatiya Nyaya Sanhita.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN DELHI 16 JANUARY 2025

## सांसतः दृश्यता का स्तर शून्य से सौ मीटर के बीच रहा

# कोहरे का कोहराम, ट्रेन-विमान अटके

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली-एनसीआर सहित पूरे उत्तर भारत में बुधवार को घने कोहरे के कारण सफर पर संकट रहा। दृश्यता बेहद कम (शून्य से सौ मीटर तक) रहने से दिल्ली से जाने वाली 200 से अधिक उड़ानों में विलंब हुआ। साथ ही राजधानी आ रहीं छह उड़ानों को डाइवर्ट कर दिया गया। दो दर्जन से ज्यादा ट्रेनें भी देरी से चलीं।

एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि सुबह साढ़े आठ से साढ़े दस बजे के बीच छह उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा। कोहरे का असर रेल सेवा पर भी पड़ा। उत्तर रेलवे के मुताबिक, दो दर्जन से अधिक ट्रेन प्रभावित हुईं। दिल्ली आने वाली कई ट्रेन 10 घंटे की देरी से चलीं।

**बिहार और उत्तराखंड में भी असर :** कोहरे से बुधवार को पटना जंक्शन आने-जाने वाली 70 प्रतिशत ट्रेनें लेट रहीं। पटना के दो विमानों को रद्द कर दिया गया, जबकि 26 विमान देरी से आए-गए। देहरादून में दिल्ली समेत लंबे रूट की बसें तीन घंटे तक देरी से चलीं। चार ट्रेन, दो उड़ानें में देरी हुई।

**स्कूलों में आठवीं तक आज और कल अवकाश :** यूपी में भीषण ठंड को देखते हुए कक्षा आठ तक के सभी परिषदीय और मान्यता प्राप्त विद्यालयों में 16 एवं 17 जनवरी को अवकाश घोषित किया गया है। गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में 9वीं और 11वीं तक की कक्षाएं हाइब्रिड मोड में चलेंगी।

दोहरा प्रहार P04

## इस सीजन का सबसे घना कोहरा



शाहीन बाग में बुधवार को घने कोहरे के कारण दिन में ही वाहन चालकों को लाइट जलानी पड़ी। ● सलमान अली

### कई जगह वाहन टकराने से दो की मौत, 13 घायल

कोहरे से बुधवार को कई सड़क हादसे हुए। बरेली में सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। अलीगढ़ में आगरा-दिल्ली एक्सप्रेस वे पर सुबह कई वाहन भिड़ने से आठ लोग घायल हो गए। मुजफ्फरनगर में दिल्ली-देहरादून हाईवे पर15 से अधिक वाहन टकराने से दो लोग घायल हो गए। ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर महामाया फ्लाईओवर के सामने दो बसें भिड़ने से तीन घायल हो गए।

**200** उड़ानें कोहरे की वजह से प्रभावित हुईं

**24** से अधिक रेलगाड़ियां देरी से चलीं दिल्ली से जाने और आने वाली

## एहतियात : वायु प्रदूषण बढ़ा, ग्रैप-4 की पाबंदियां लगाईं

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली में बुधवार को प्रदूषण बेहद तेजी से बढ़ा। इसे देखते हुए केन्द्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रैप (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) के तीसरे और चौथे चरण की पाबंदियों को फिर लागू कर दिया। इसके साथ ही निर्माण व ध्वस्तीकरण कार्यों पर पाबंदी लग गई है। वहीं, दसवीं और बारहवीं को छोड़कर बाकी कक्षाएं हाइब्रिड मोड में चलेंगी। केवल स्वच्छ ईंधन वाले या आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं वाले ट्रकों को ही प्रवेश दिया जाएगा। दिल्ली में बुधवार को एक्यूआई 396 अंक पर रहा, जो मंगलवार को 275 था।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

# Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN DELHI 16 JANUARY 2025

## इंडिगो पर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया

नई दिल्ली। प्रमुख एयरलाइन इंडिगो पर सीमा शुल्क विभाग ने जेट ईंधन पर शुल्क के संबंध में 25 लाख रुपये से थोड़ा अधिक का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना लुधियाना के सीमा शुल्क आयुक्त कार्यालय के संयुक्त आयुक्त (सीमा शुल्क) द्वारा लगाया गया है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि 'एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर अतिरिक्त सीमा शुल्क की मांग की गई है।'

THE HINDU DELHI 16 JANUARY 2025

# Number of flights diverted from Delhi due to dense fog

6 More than 300 flights were delayed and departures were briefly put on hold at the Delhi airport as low visibility conditions due to dense fog significantly impacted operations. Air India, in a post on X, said poor visibility due to dense fog and airport congestion may affect flight operations in Delhi. PTI

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

MINT DELHI 16 JANUARY 2025



The DGCA has now issued two warning letters to Akasa Air in less than a week. REUTERS

# DGCA heat on Akasa Air for lapses

The Directorate General of Civil Aviation (DGCA) has issued a warning letter to Akasa Air's accountable manager Vinay Dube, who is also its founder and CEO, for regulatory lapses, days after the airline was warned for violating norms related to handling dangerous goods.

Sources on Tuesday told *PTI* that the regulator has warned the airline's accountable manager to be careful to avoid non-compliance, citing two specific incidents related to a hard landing of aircraft and non-revision of the operations manual within the prescribed time frame. There was no immediate comment from Akasa Air.

In a not-so-common development, the aviation watchdog has now issued two warning letters to Akasa Air in less than a week. This is in addition to actions against the little over two-year-old airline for various non-compliances, including a six-month suspension of the carrier's head of operations and head of training for alleged lapses in pilot training.


In a warning letter dated 13 January, the regulator has also cited the suspension of the airline's head of operations and head of training besides the two incidents. PTI

MILLENNIUM POST KOLKATA 15 JANUARY 2025

# 'Domestic aviation industry may clock ₹2K-3K cr net loss in FY25 and FY26'

**NEW DELHI:** The country's civil aviation industry is projected to report a net loss of Rs 2,000 to Rs 3,000 crore in FY25 and FY26 as supply chain challenges and engine issues are expected to continue for some more time, according to a report. In the report, Icra also said that domestic air passenger traffic was estimated at 153 lakh in December, 7.3 per cent higher against 142.5 lakh recorded in November last year.

"Further, it grew by 10.8 per cent on a YoY basis and was higher by 17.5 per cent than the pre-Covid levels, i.e., December 2019. The airlines' capacity deployment in December 2024 was higher than December 2023 by 7.5 per cent and by 3.8 per



cent over November 2024," it added. Giving a stable outlook for the Indian aviation industry, Icra said there are expectations of moderate growth in domestic air passenger traffic and a relatively stable cost environment in FY25.

Moreover, the industry witnessed improved pricing power during FY24, reflected in the higher yields (over pre-Covid levels) and the revenue per available seat kilometre–cost per available seat kilometre spread of the airlines.

"The momentum in the air passenger traffic growth witnessed in FY24 is likely to marginally taper to 7-10 per cent in FY25 (against 13 per cent in FY24), given the high base of FY24 and lower passenger traffic in H1 FY25, impacted by severe heat waves and other weather-related disruptions.

"The yields are also likely to be under pressure, as airlines strive to maintain adequate passenger load factor (PLF). global passenger traffic for Indian carriers is expected to grow by 15-20 per cent in FY25," the report said. For FY25 and FY26, Icra has projected the industry to register a net loss of Rs 20-30 billion. PTI

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

PIONEER DELHI 16 JANUARY 2025

# महाकुंभ के बीच प्रयागराज के लिए हवाई किरायों में जोरदार उछाल, मांग भी बढ़ी



**नई दिल्ली।** (भाषा) महाकुंभ के बीच प्रयागराज के लिए उड़ानों की बुकिंग के साथ-साथ हवाई किराए में भी कई गुना वृद्धि हुई है। दिल्ली से प्रयागराज की उड़ानों के लिए टिकट की कीमतें 21 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं।यात्रा पोर्टल इक्सिगो के विश्लेषण के अनुसार, भोपाल और प्रयागराज के बीच एकतरफा हवाई किराया पिछले साल जहां 2,977 रुपए था, वहीं अब यह 498 प्रतिशत बढ़कर 17,796 रुपए हो गया है।ए 13 जनवरी से 26 फरवरी, 2025 तक के लिए 30 दिन की अग्रिम खरीद तिथि (एपीडी) के आधार पर एकतरफा औसत किराए हैं। ए पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में हैं।दिल्ली से प्रयागराज का हवाई किराया 21 प्रतिशत बढ़कर 5,748 रुपए हो गया है, जबकि मुंबई-प्रयागराज उड़ान के लिए यह 13 प्रतिशत बढ़कर 6,381 रुपए हो गया है। विश्लेषण के अनुसार, बेंगलुरु-प्रयागराज उड़ान के लिए हवाई टिकट की कीमत 89 प्रतिशत बढ़कर 11,158 रुपए हो गई है, जबकि अहमदाबाद-प्रयागराज उड़ान का किराया 41 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 10,364 रुपए हो गया है।प्रयागराज के निकट स्थित शहरों-लखनऊ और वाराणसी के लिए हवाई किराए में तीन से 21 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। विश्लेषण से पता चला कि सालाना आधार पर प्रयागराज के लिए उड़ान बुकिंग में 162 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि लखनऊ और वाराणसी के लिए बुकिंग में क्रमश: 42 प्रतिशत और 127 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ए आंकड़े 13 जनवरी से 26 फरवरी की अवधि के हैं।

इक्सिगो ने कहा कि प्रयागराज अब सीधी और एक विराम वाली उड़ानों के माध्यम से 20 से अधिक गंतव्यों से जुड़ा हुआ है। पिछले महाकुंभ के दौरान प्रयागराज के लिए दिल्ली से सिर्फ एक उड़ान थी। महाकुंभ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगा। इक्सिगो के समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आलोक बाजपेई ने कहा, प्रमुख महानगरों से प्रयागराज और आसपास के हवाई अड्डों के लिए एकतरफा हवाई किराया कम से कम 30 दिन पहले बुकिंग करने पर औसतन 7,000-10,000 रुपए के बीच है। हालांकि, भोपाल-प्रयागराज जैसे कुछ मार्गों पर, सबसे ज्यादा मांग के समय और सीमित उड़ान उपलब्धता के कारण एकतरफा किराया 17,000 रुपए तक पहुंच गया है। प्रमुख स्नान तिथियों से पहले यात्रा के लिए किराए में भी बढ़ोतरी हो रही है। उदाहरण के लिए, 27 जनवरी को मुंबई जैसे प्रमुख महानगरों से सीधी उड़ानों के लिए किराया 27,000 रुपए एकतरफा तक जा रहा है।प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों की बुकिंग भी 13 जनवरी से 26 फरवरी तक के लिए बढ़ गई है। कुंभ का वर्तमान संस्करण 12 वर्षों के बाद आयोजित किया जा रहा है। हालांकि संतों का दावा है कि इस आयोजन के लिए खगोलीय संयोग 144 वर्षों के बाद हो रहे हैं, जिससे यह अवसर और भी अधिक शुभ हो गया है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE PIONEER LUCKNOW 15 JANUARY 2025

# Domestic aviation industry likely to clock ₹2,000-₹3,000 Crore net loss in FY25: Report

PTI ■ NEW DELHI

The country's civil aviation industry is projected to report a net loss of Rs 2,000 to Rs 3,000 crore in the current and next financial year as supply chain challenges and engine issues are expected to continue for some more time, according to a report.

In the report on Tuesday, rating agency Icra also said that domestic air passenger traffic was estimated at 153 lakh in December, 7.3 per cent higher compared to 142.5 lakh recorded in November last year.

"Further, it grew by ~10.8 per cent on a YoY basis and was higher by ~17.5 per cent than the pre-Covid levels, i.E., December 2019. The airlines' capacity deployment in December 2024 was higher than December 2023 by ~7.5 per cent and by ~3.8 per cent over November 2024," it added.



Giving a stable outlook for the Indian aviation industry, Icra said there are expectations of moderate growth in domestic air passenger traffic and a relatively stable cost environment in FY25.

Moreover, the industry witnessed improved pricing power during FY24, reflected in the higher yields (over pre-Covid levels) and the revenue per available seat kilometre-cost per available seat kilometre (RASK-CASK) spread of the airlines.

"The momentum in the air passenger traffic growth witnessed in FY2024 is likely to marginally taper to 7-10 per cent in FY2025 (compared to 13 per cent in FY2024), given the high base of FY2024 and lower passenger traffic in H1 FY2025, impacted by severe heat waves and other weather-related disruptions.

"The yields are also likely to be under pressure, as airlines strive to maintain adequate passenger load factor (PLF). International passenger traffic for Indian carriers is expected to grow by 15-20 per cent in FY2025," the report said. For FY 2025 and FY 2026, Icra has projected the industry to register a net loss of Rs 20-30 billion.

Supply chain challenges and engine failure issues impacted the industry capacity over the last 18 months and are expected to continue affecting it this year, it added.

PUNJAB KESARI DELHI 16 JANUARY 2025

# गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर एयर इंडिया ने जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के अवसर पर दिल्ली में होने वाले समारोह को ध्यान में रखते हुए एयर इंडिया ने बुधवार को यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण परामर्श जारी किया। एयरलाइन ने यात्रियों से आग्रह किया है कि वे अपनी यात्रा के लिए पर्याप्त समय का प्रबंध करें और हवाई अड्डे के लिए निकलने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति की जांच अवश्य करें। एयर इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म-एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, 19 से 26 जनवरी 2025 के बीच दिल्ली से आने-जाने वाले यात्रियों से अनुरोध है कि वे गणतंत्र दिवस प्रतिबंधों के मद्देनजर अपनी यात्रा के लिए अतिरिक्त समय रखें और हवाईअड्डे के लिए रवाना होने से पहले अपनी उड़ानों की स्थिति की जांच करें। एयर इंडिया ने आगे कहा कि किसी भी अतिरिक्त सहायता के लिए हमारे संपर्क केंद्र से जुड़ें। इससे पहले एयर इंडिया ने एक और यात्रा परामर्श जारी किया था। कहा था कि दिल्ली और कुछ अन्य शहरों में घने कोहरे और हवाईअड्डे पर भीड़भाड़ के कारण उड़ान संचालन प्रभावित हो सकता है। यात्रियों से अपील की कि वे अपने यात्रा कार्यक्रम में संभावित विलंबों को ध्यान रख उचित प्रबंधन करें।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

# Corporate Communications Directorate

RAJASTHAN PATRIKA JAIPUR 14 JANUARY 2025

तत्काल कोटे में भी नहीं मिल रही कंफर्म टिकट

## प्रयागराज की ट्रेनें फुल, फ्लाइट का किराया 25 हजार तक पहुंचा

**जयपुर@पत्रिका.** महाकुंभ शुरू होने के बाद जयपुर से प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। रिजर्वेशन बुकिंग का हाल इस कदर है कि कई ट्रेनों में नो-रूम की स्थिति हो गई। दूसरी ओर, श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए एयरलाइन कंपनियों ने भी हवाई किराया बढ़ा दिया है।

दरअसल, जयपुर से प्रयागराज जाने वाली बीकानेर-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन, अजमेर-सियालदाह ट्रेन, बाड़मेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस, अनन्या एक्सप्रेस ट्रेन के स्लीपर श्रेणी में रिजर्वेशन में वेटिंग इस माह के अंत तक 50 से 115 तक मिल रही है, जबकि लालगढ़-प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेन में इसी श्रेणी में वेटिंग 156 तक पहुंच गई है।

इन ट्रेनों के कुछ में ऑनलाइन बुकिंग में सेकंड एसी श्रेणी की टिकट करने पर नो-रूम की स्थिति देखी जा रही है। थर्ड एसी में भी वेटिंग 50 से 80 तक मिल रही है। तत्काल कोटे में भी ज्यादातर यात्रियों को कंफर्म की बजाय वेटिंग टिकट ही मिल रही है। ऐसा ही हाल स्पेशल ट्रेनों की बुकिंग में भी देखा जा रहा है।

### फ्लाइट का किराया छू रहा आसमान

**जयपुर** से प्रयागराज का हवाई किराया भी आसमान छू रहा है। स्थिति यह है कि जयपुर से प्रयागराज की सीधी फ्लाइट का किराया इस महीने के अंत तक 10 हजार से 25 हजार रुपए तक पहुंच गया है जबकि सामान्य दिनों की यह किराया महज 5,500 रुपए के आस-पास ही रहता है। प्रयागराज से जयपुर आने का किराया भी दस हजार से अधिक है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

RAJASTHAN PATRIKA JAIPUR 15 JANUARY 2025

**कंपनियों की मनमानी से यात्री हो रहे चकरधिन्नी : जयपुर के अलावा किसी भी एयरपोर्ट से दूसरे शहरों के लिए नहीं है फ्लाइट**

# हम पर्यटन-व्यापार में अव्वल, मगर घरेलू एयर कनेक्टिविटी में फिसड्डी

देवेन्द्र सिंह राठौड़
patrika.com

**जयपुर.** एक ओर जहां सरकार राज्य में पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा देने के दावे कर रही है, वहीं राज्य में इंट्रा स्टेट एयर कनेक्टिविटी महज खानापूर्ति साबित हो रही है। जिसका खमियाजा आमजन ही नहीं पर्यटक और व्यापारियों को भी भुगतना पड़ रहा है। इसकी वजह एयरलाइन कंपनियों की मनमानी बताई जा रही है। दरअसल, प्रदेश में जयपुर, उदयपुर, बीकानेर, जोधपुर और जैसलमेर एयरपोर्ट से फ्लाइट का संचालन हो रहा है, लेकिन जयपुर के अलावा दूसरे किसी भी एयरपोर्ट से राज्य के भीतरी हवाई सेवा नहीं है। यानी वहां से राज्य के दूसरे शहरों के लिए कोई भी फ्लाइट नहीं है। जयपुर की बात करें, तो जयपुर से उदयपुर, जोधपुर की फ्लाइट सालभर संचालित होती हैं और उनकी संख्या नाममात्र है। हालांकि जयपुर से जैसलमेर के बीच पर्यटन सीजन में ही हवाई सेवा संचालित होती है। इसी तरह किशनगढ़ से जयपुर के बीच कोई फ्लाइट संचालित नहीं होती है। ऐसे ही बीकानेर से भी जयपुर के लिए वर्तमान मे कोई फ्लाइट संचालित नहीं होती है।




## सैलानी घंटों सफर करने को मजबूर

**प्रदेश** में जयपुर ही एकमात्र इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। यहां पर छह देशों से इंटरनेशनल फ्लाइट संचालित होती है। उनमें काफी संख्या में विदेशी सैलानी आते हैं, जो जयपुर के अलावा बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर, अजमेर या उदयपुर घूमने जाते हैं। बीकानेर या जैसलमेर जाने वाले ज्यादातर सैलानियों को यहां से सड़क या ट्रेन की यात्रा करनी पड़ती है।

## कंपनियों का सीजन के हिसाब से संचालन

पर्यटन से जुड़े लोगों का कहना है कि एयरलाइन कंपनियां जैलसमेर, जोधपुर, उदयपुर की कई फ्लाइट को शेड्यूल में शामिल कर लेती है फिर सीजन के अनुसार उनका संचालन करती हैं। वो इन एयरपोर्ट से इंट्रा स्टेट की बजाय महानगरों के लिए फ्लाइट संचालित करने में ज्यादा रुचि दिखाती हैं।

## प्रदेश के एयरपोर्ट्स की स्थिति

- **जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट:** यहां से 26 शहरों के लिए डॉमेस्टिक व 6 देशों के लिए इंटरनेशनल फ्लाइट संचालित हो रही है। यहां से जोधपुर व जैसलमेर के लिए एक-एक सीधी फ्लाइट व उदयपुर के लिए तीन सीधी फ्लाइट संचालित होती है।
- **उदयपुर एयरपोर्ट:** यहां से रोजाना 8 शहरों के लिए 20 फ्लाइट संचालित हो रही है। इनसे हर महीने सवा लाख लोगों की आवाजाही होती है, लेकिन यहां से जयपुर के अलावा राज्य के दूसरे शहर के बीच एयर कनेक्टिविटी नहीं है। जयपुर के लिए भी दो ही फ्लाइट संचालित होती है।
- **बीकानेर एयरपोर्ट:** यहां से वर्तमान में एक ही फ्लाइट संचालित हो रही है। वो भी दिल्ली आवाजाही करती है। यह फ्लाइट भी सप्ताह में दो दिन सोमवार व शुक्रवार को ही संचालित होती है। कोरोना के बाद गत वर्ष जयपुर से बीकानेर के बीच हवाई सेवा फिर से शुरू हुई थी लेकिन एक दिसम्बर से उसे फिर से बंद कर दिया गया है।
- **जोधपुर एयरपोर्ट:** यहां से 12 फ्लाइट संचालित होती है। इनमें दिल्ली-मुंबई को छोड़कर अन्य शहरों की एक-एक फ्लाइट संचालित होती है। जिसमें जयपुर-जोधपुर शामिल है।
- **जैसलमेर एयरपोर्ट:** जैसलमेर एयरपोर्ट पर जयपुर, दिल्ली और मुंबई के लिए विमान सेवा संचालित हो रही है। उनमें यात्री भार 90 प्रतिशत तक है। जयपुर से जैसलमेर के बीच सीजन में फ्लाइट संचालित होने से अन्य दिनों में सैलानियों को दिक्कत होती है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

RASHTRIYA SAHARA DELHI 16 JANUARY 2025

# कोहरे के कारण विमानों के रूट बदले, 300 उड़ानों में देरी, दिल्ली में ग्रैप-4

**■ दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा प्रतिदिन लगभग 1300 उड़ानों का संचालन करता है**



**नई दिल्ली (एसएनबी)।** घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से दिल्ली हवाईअड्डे पर विमानों के परिचालन पर काफी असर पड़ा। कोहरे के कारण छह उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया, 300 से अधिक उड़ानों में देरी हुई और कुछ समय के लिए विमानों का प्रस्थान रोक दिया गया।

दिल्ली अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन लिमिटेड (डायल) ने अपराह्न 2:20 बजे 'एक्स' पर एक अद्यतन जानकारी में कहा, दिल्ली हवाईअड्डे पर हवाईपट्टी दृश्यता में सुधार हो रहा है और उड़ान परिचालन धीरे-धीरे बहाल हो रहा है। एक अधिकारी ने बताया, राष्ट्रीय राजधानी में खराब मौसम के कारण सुबह आठ बजे से सुबह साढ़े 10 बजे के बीच छह उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर उन्हें जयपुर भेज दिया गया। साथ ही, कम दृश्यता की स्थिति के कारण आज सुबह कुछ समय के लिए उड़ानों का प्रस्थान रोक दिया गया। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन 'इंडिगो' ने अपराह्न 3:47 बजे 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली में कोहरा छंटने लगा है और हवाईपट्टी पर दृश्यता में सुधार हुआ है। 'फ्लाइटराडार24 डॉट कॉम' पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर 300 से अधिक उड़ानों में देरी हुई। 'एयर इंडिया' ने सुबह 9:56 बजे 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि घने कोहरे की वजह से खराब दृश्यता और हवाईअड्डों पर विमानों की भीड़ के कारण बुधवार को दिल्ली एवं कुछ अन्य शहरों में उड़ान संचालन प्रभावित हो सकती है। आईजीआईए रोजाना करीब 1300 उड़ानों का संचालन करता है।

डायल ने सुबह 7:35 बजे 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, यात्रियों से अनुरोध है कि वे उड़ान की अद्यतन जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइन से संपर्क करें। किसी भी असुविधा के लिए हमें गहरा खेद है।

## वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 के पास पहुंचा

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता से जुड़े केन्द्र सरकार के आयोग ने बुधवार को प्रतिकूल मौसम संबंधी परिस्थितियों की वजह से हवा की गुणवत्ता में भारी गिरावट के बाद ग्रैप के चौथे चरण के तहत पाबंदियां लगाने का आदेश दिया। धीमी हवा, कम तापमान और कोहरे की स्थिति की वजह से क्षेत्र में प्रदूषक जमा हो गए, जिससे वायु गुणवत्ता सूचकांक बुधवार शाम छह बजे बढ़कर 396 हो गया, जो मंगलवार को 275 था। भारत मौसम विज्ञान विभाग और भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान ने पूर्वानुमान जताया है कि एक्यूआई जल्द ही 400 अंक को पार कर सकता है।